हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 18 जून 2026

04 राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के आगमन की तैयारियां...



07 भगत सिंह नगर में विकास की नई पहचान...





### नर्मदापुरम पुलिस को मिली सफलता

# बुधनी के व्यापारी से लूट करने वाले 4 आरोपी कार सहित हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

थाना देहात नर्मदापुरम पुलिस ने बुधनी के एक व्यापारी के साथ हुई सनसनीखेज लूट का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई कार और लूटी गई चैन को बेचकर मिले रुपयों में से कुछ नकदी बरामद करने में सफलता हासिल की है। घटना 12 जून 2026 की देर रात करीब 01:30 बजे की है। फरियादी नारायण सिंह उर्फ राहुल सिंह राजपूत उम्र 32 वर्ष, निवासी माना बुधनी, जिला सीहोर अपने साथी शैलेंद्र परिहार और उनकी पत्नी के साथ नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन से अलग-अलग मोटरसाइकिल से बुधनी लौट रहे थे।जैसे ही वे परमश्री गार्डन और यश ढाबे के आगे पहुंचे, पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार ईको स्पोर्ट्स कार के चालक ने शैलेंद्र की मोटरसाइकिल के आगे अपनी कार अड़ाकर उन्हें रोक लिया था।

### की मारपीट

बदमाशों ने शैलेंद्र और उनकी पत्नी के साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। जब नारायण सिंह बीच-बचाव करने पहुंचे, तो कार की साइड सीट पर बैठे व्यक्ति ने उनके सिर पर किसी भारी चीज से हमला कर दिया और उनके गले से सोने की चैन लूटकर नर्मदा ब्रिज बुधनी की तरफ फरार हो गए।

पुलिस ने लूट का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।




### चारों आरोपी गिरफ्तार कबूला जुर्म

16 जून को पुलिस ने घेराबंदी कर कार मालिक रितिक गोस्वामी और उसके तीन अन्य साथियों को हिरासत में लिया। मनोवैज्ञानिक तरीके (हिकमत अमली) से की गई पूछताछ में चारों आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

### आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई ईको स्पोर्ट्स कार कीमत करीब 3,50,000 रुपए और चैन बेचकर मिले रुपयों में से 8,100 रुपये नकद जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में से रितिक गोस्वामी और हरिओम गोस्वामी शातिर अपराधी हैं। इनके विरुद्ध थाना डोलारिया में 08 और थाना देहात नर्मदापुरम में 03 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। आरोपियों को गिरफ्तार करने में आरक्षक कपिल विश्वकर्मा, जितेंद्र सिंह राजपूत एवं सुनील साहू, देहात थाना प्रभारी निरीक्षक उषा मरावी, उनि अरविंद बेले, उनि गौरी शंकर मांझी, सउनि सुखनंदन नर्रे, सउनि प्रवीण शर्मा, प्रधान आरक्षक नवीन दुबे, राजेश जैन, आरक्षक मुकुल मोहेबिया, महेंद्र सिंह धुर्वे, दीपेश (सायबर सेल), और योगिता की सराहनीय भूमिका रही।

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम आए सामने

रितिक गोस्वामी निवासी ग्राम टिगारिया, कार मालिक, हरिओम गोस्वामी निवासी ग्राम टिगारिया, ओमप्रकाश गोस्वामी, सुदीप गौर निवासी ग्राम खरखेड़ी। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने लूटी हुई सोने की चैन को बेचकर पैसे बांट लिये थे।

### एसपी के निर्देशन में बनी टीम

एसपी के निर्देशन में बनी संयुक्त टीम मामले की गंभीरता को देखते हुए नर्मदापुरम पुलिस अधीक्षक एसपी साईं कृष्णा एस थोटा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन एवं जितेंद्र कुमार पाठक के निर्देशन में थाना देहात नर्मदापुरम की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया।

# नगर के युवा ढाबा मालिक की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में रोष का माहौल

## नहर किनारे मिला ढाबा मालिक का शव, पुलिस ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्रांतर्गत मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात एक ढाबा मालिक सचिन पुर्विया की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मामले में पुलिस ने लॉ एंड आर्डर संभालने त्वरित कार्यवाही की, शव का पीएम करा परिजनों को सौंपा तथा जांच भी शुरू कर दी है।



पूछताछ में सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि शोभापुर निवासी ढाबा संचालक 28 वर्षीय सचिन पुर्विया पुत्र नारायण पुर्विया निवासी भार्गव मोहल्ला शोभापुर की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। बुधवार तड़के तीन बजे रानी पिपरिया नहर की पुलिया पर सचिन का खून से लथपथ शव बरामद हुआ। मृतक के सिर में गोली मारी गई है। पुलिस ने घटना के बाद ग्राम महुआ स्थित मृतक के राजपूत ढाबा पहुंचकर पूछताछ की है, जहां सचिन को आखिरी बार लोगों तथा परिजनों ने जीवित देखा था। पुलिस ने मर्ग कायमी कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। इस बीच शव को सोहागपुर शासकीय अस्पताल लाया गया, जहां पीएम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जाता है कि सचिन पुर्विया भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता था, जिसके भाजपा के कई बड़े नेताओं से घने संपर्क भी थे।

### बाइक पर बैठकर हुआ रवाना

पुलिस मृतक सचिन के महुआ ग्राम स्थित राजपूत ढाबा पहुंची। जहां पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जांचे। जिसमें दिखाई दिया है कि मंगलवार करीब रात 8.30 बजे सचिन किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ बाइक से पिपरिया की ओर रवाना हुआ। बाइकर ने मुंह पर गमछा बांधा हुआ था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने बाइक की डिटेल्स निकालना शुरू कर दिया है। इस गोलीकांड की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई है और पुलिस ने मामले की सघन जांच शुरू कर दी है।

### नहीं उठाया फोन, तो पहुंचे थाने



मामले में पुलिस ने मृतक के बड़े भाई 34 वर्षीय राजू उर्फ राजकुमार पुर्विया की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है जिसके अनुसार पुलिस ने मृतक के परिजनों से भी बात की। जिनके अनुसार मंगलवार रात सचिन किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ बाइक से गया था। लेकिन जब सचिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा, तो चिंतित परिजनों ने उसे फोन किये। सचिव फोन कॉल अटेंड नहीं कर रहा था तो उसकी तलाश शुरू की गई एवं परिजन शोभापुर पुलिस चौकी पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सचिन की मोबाइल लोकेशन निकाली। जो पिपरिया नर्मदापुरम स्टेट हाईवे की मुख्य सड़क से करीब एक किलोमीटर दूर रानी पिपरिया नहर की मिली। पुलिस सर्चिंग करते हुए वहां पहुंची, तो नहर की पुलिया पर सचिन का शव पड़ा मिला। उसके सिर के दाहिने हिस्से में गोली लगने का निशान था और वहां काफी खून बिखरा था।

### पुलिस अलर्ट...



भाजपा नेता की हत्या वाली घटना की गंभीरता को देखते हुए सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी, शोभापुर चौकी प्रभारी राहुल पटेल और सेमरी हरचंद चौकी प्रभारी विवेक यादव सहित भारी पुलिस बल रात में ही मौके पर पहुंच गया था। वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के एफएसएल टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया। इधर घटना से आक्रोशित मृतक के परिजनों व परिचित सोहागपुर थाने के सामने एकत्र हुए। जिन्हें थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी एवं एएसआई गणेश राय ने समझाते हुए वापस घर भेजा एवं कहा कि शीघ्र ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

# मेधावी विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कौशल श्री विकास समिति द्वारा प्रतिभा का उत्सव भविष्य की तैयारी थीम के अंतर्गत प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आज 18 जून 2026 को दोपहर 2 बजे पं. भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम, इटारसी में किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष सतीश बिल्लौरे ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, करियर निर्माण, छात्रवृत्ति योजनाओं एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे करेंगे। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद्, प्राचार्य, शिक्षक, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। समिति ने सभी से इस अवसर का लाभ लेने की अपील की है।

# विभाग ने अवैध उत्खनन में संलिप्त ट्रैक्टर ट्रॉली की जब्त, अस्थायी मार्ग भी किए जा रहे नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को खनिज विभाग द्वारा ग्राम होरियापीपर, तहसील नर्मदापुरम क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए रेत का अवैध उत्खनन कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया गया। जब्त वाहन को नियमानुसार आरटीओ परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। संबंधित प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नदियों में रेत परिवहन हेतु बनाए गए संभावित अस्थायी मार्गों को भी चिन्हित कर नष्ट किया जा रहा है, जिससे अवैध गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जा सके। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को

**नर्मदापुरम।** राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 जून तक लिये जायेंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जायेगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जायेगा।

# अल्पकालीन ऋण की 73.5 प्रति. हुई वसूली कलेक्टर ने दिए लक्ष्य हासिल करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा जिले की 99 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) में चालू वर्ष में वितरित अल्पकालीन ऋण की शत-प्रतिशत वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में जिले में चालू ऋणों की 73.5 प्रतिशत वसूली की जा चुकी है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी शाखा प्रबंधकों एवं समिति प्रबंधकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



सहकारिता विभाग एवं बैंक के अधिकारियों द्वारा वसूली कार्य की निरंतर समीक्षा की जा रही है तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक ने लक्ष्य पूर्ति में लापरवाही बरतने वाले बैंक एवं समिति कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। कृषकों को सहकारी व्यवस्था से जोड़ने एवं समितियों का आधार मजबूत करने के उद्देश्य से जिले की पैक्सों में सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नए कृषकों को समिति का सदस्य बनाया जा रहा है, जिससे उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जैसी सुविधाओं का लाभ मिल सके। इसके लिए विभिन्न समितियों में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले की सभी पैक्सों में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण सुनिश्चित कर उसके शीघ्र वितरण के निर्देश भी दिए हैं। जिले की पैक्सों में अब तक 14,800 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया जा चुका है, जबकि 3,600 मीट्रिक टन खाद का वितरण किसानों को किया गया है। प्रशासन का उद्देश्य है कि किसान समय पर खाद प्राप्त कर सकें तथा खाद दुकानों, समितियों एवं डबल लॉक केंद्रों पर अनावश्यक भीड़ न हो।

### घायल सांप का किया सफल ऑपरेशन

**नर्मदापुरम।** जिले के पशु चिकित्सालय में घायल सांप का ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई गई। करीब आधे चले ऑपरेशन में सांप को 20 टांके आएं। मंगलवार को सांगाखेड़ा कला में 10 फीट का लंबा रेड स्नेक कंटीले तारों की फेंसिंग में फंसकर बुरी तरीके से घायल हो गया था। जिससे सांप के पेट, पीठ की चमड़ी फट गई थी। कंटीले तार उसके शरीर में घुस गए थे। अधिक खून निकलने के कारण सांप तड़प रहा था, ग्रामीणों ने सांप को बचाने के लिए सर्प मित्र सागर यादव को फोन किया। सर्प मित्र की टीम ने सांप को तारों से बाहर निकाला। इसकी बात उसे लेकर पशु चिकित्सालय पहुंचे। वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर अरविंद गुप्ता ने सांप का उपचार किया। दर्द के कारण सांप आक्रामक हो गया था। चिकित्सा गुप्ता ने सांप के शरीर में जिस जगह की स्किन फटी हुई थी, उसे जगह इंजेक्शन देकर शून्य कर दिया था।

# नटराजन के नामांकन निरस्ती पर कांग्रेस ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

चुनाव आयोग द्वारा राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी द्वारा चुनाव आयोग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी एवं नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष निशा बकोरिया ने किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय ने कहा कि चुनाव आयोग देश की




लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ है, इसलिए उससे निष्पक्षता, पारदर्शिता और संविधान के अनुरूप कार्य करने की अपेक्षा की जाती है। यदि किसी उम्मीदवार के साथ अन्याय होता है तो यह केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के विश्वास का भी प्रश्न बन जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रही है और आगे भी अन्याय के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने कहा कि आज देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर लगातार प्रश्न खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी का संघर्ष किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं बल्कि लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि जब भी लोकतांत्रिक अधिकारों पर कुठाराघात होगा, कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगा। जनता की आवाज को दबाने का हर प्रयास लोकतंत्र को कमजोर करता है और कांग्रेस ऐसे प्रयासों का डटकर मुकाबला करेगी।

कांग्रेस महासचिव राजकुमार उपाध्याय, यंग ब्रिगेड अध्यक्ष गज्जू तिवारी, नसीम सहगल, पार्षद सीमा भदौरिया सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने संबोधन में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, संविधान की गरिमा बनाए रखने तथा जनता के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर, पूर्व मंडी अध्यक्ष रमेश बामने, पंकज राठौर, पिंकी शर्मा, अमित परदेशी, अजय अहिरवार सोनू बकोरिया, चंदू दुबे, राजेंद्र गोस्वामी आदि शामिल रहे।

# कायस्थ महासभा के सदस्यों ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा के पावन तटों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के संकल्प के साथ अखिल भारतीय कायस्थ समाज ने रविवार को स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। शनिवार रात क्षेत्र में हुई भारी बारिश और तेज आंधी-तूफान के कारण घाट के फर्श और किनारों पर भारी मात्रा में कचरा व गंदगी जमा हो गई थी, जिसे समाज के सदस्यों ने श्रमदान कर पूरी तरह साफ किया मातृशक्ति ने उठाई झाड़ू, पुरुषों ने दिया बराबर का साथ रविवार सुबह कायस्थ समाज के सदस्य बड़ी संख्या में चित्रगुप्त घाट पर एकत्रित हुए। सदस्यों ने न केवल झाड़ू लगाकर पूरे घाट से सूखा और गीला कचरा इकट्ठा किया, बल्कि उसे व्यवस्थित तरीके से डस्टबिन में डाला। इस दौरान सदस्यों ने मां नर्मदा को तटों को स्वच्छ रखने की अपील भी की।

### गौ-संवर्धन और किसान हितों पर हुई विस्तृत चर्चा

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले सांसद दर्शन सिंह, प्राकृतिक कृषि संवर्धन विधेयक की स्वीकृति पर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्राकृतिक खेती, गौ-संवर्धन और किसान हितों को लेकर लंबे समय से सक्रिय होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रपति जी द्वारा प्राकृतिक कृषि संवर्धन विधेयक-2025 को लोकसभा में चर्चा हेतु प्रस्तुत करने की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर हृदय से आभार व्यक्त किया।



भेंट के दौरान सांसद चौधरी ने प्राकृतिक खेती को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने, गौ-आधारित कृषि व्यवस्था को सशक्त बनाने, किसानों की आय में वृद्धि तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक कृषि केवल खेती की पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज, समृद्ध किसान और सुरक्षित भविष्य का आधार है।

सांसद चौधरी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने प्रदेशभर में प्राकृतिक खेती को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान चलाया। इसके अंतर्गत लाखों किलोमीटर की यात्रा कर किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप हजारों किसान इस पद्धति से जुड़े और बड़ी मात्रा में भूमि पर गौ-आधारित प्राकृतिक खेती प्रारंभ हुई।

सांसद ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की किसानों, ग्रामीण विकास और कृषि उन्नयन के प्रति संवेदनशीलता अत्यंत प्रेरणादायी है। उनके द्वारा प्राकृतिक कृषि संवर्धन विधेयक-2025 को सदन में चर्चा हेतु स्वीकृति प्रदान किया जाना देश के किसानों के लिए आशा और विश्वास का संदेश है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संसद में इस विधेयक पर व्यापक चर्चा होने से प्राकृतिक खेती को नई पहचान मिलेगी, गौ-संवर्धन को बल मिलेगा तथा किसानों को उनकी प्राकृतिक उपज का बेहतर मूल्य दिलाने की दिशा में ठोस पहल का मार्ग प्रशस्त होगा।

# नगरीय निकाय के बाद अब वन विभाग में हुए तबादले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सामान्य वन मंडल और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के 5 रेंजरों के तबादले हुए, जिसमें सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के पूर्व पचमढ़ी, चूरना, बोरी और सामान्य वन मंडल के बानापुरा, सुखतवा, सोहागपुर रेंजर के तबादले हुए। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को चार नए रेंजर भी मिले हैं। जिसमें पेंच टाइगर रिजर्व से रेंजर बलवंत सिंह केशवाल, एमएस मरावी भूपेश चौरसिया और कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला से रेंजर अभय सिंह तोमर का तबादला एसटीआर में हुआ। एसटीआर से रेंजर उमेश मारू को रातापानी टाइगर रिजर्व, विजय कुमार बारस्कर को सामान्य वन परिक्षेत्र रहटगांव हरदा और आरपी पाठक को रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व सागर भेजा गया। सामान्य वन मंडल सुखतवा के रेंजर नीरज शर्मा का तबादला रायसेन हुआ। उनकी जगह पर रेंजर सुनीता उइके छिंदवाड़ा से आई है। बानापुरा रेंजर ज्ञान सिंह पवार का तबादला हरदा, रायसेन बरखेड़ा रेंजर मयंक पांडे को बानापुरा रेंजर बनाया गया है। सोहागपुर रेंजर सुमित पांडे का तबादला बनखेड़ी वन परिक्षेत्र हुआ। उनकी जगह हरदा उत्पादन रेंजर हेमंत शर्मा को सोहागपुर रेंज की जिम्मेदारी दी है। जिले में एसटीआर और सामान्य वन मंडल के 14 वन रक्षकों के भी तबादले हुए। जिसमें विवाद और शिकायतों में घिरे वनरक्षकों के भी तबादले हुए। वनरक्षक रामकिशोर राय का तबादला एसटीआर तवा बफर से बागड़ा बफर हुआ। वनरक्षक रामकिशोर राय द्वारा तत्कालीन रेंजर के निर्देश पर 27 अप्रैल 2024 को चोरी छुपे सागौन के लट्ठों को फर्नीचर मार्ट तक लाया था। मामला उजागर होने के बाद वनरक्षक रामकिशोर राय को निलंबित किया गया था।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति को 18 को दौरा नहीं लगेगा कोठी बाजार का साप्ताहिक हाट

**बैतूल।** राष्ट्रपति के प्रस्तावित बैतूल आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 18 जून (गुरुवार) को कोठी बाजार क्षेत्र में आयोजित होने वाला साप्ताहिक सब्जी एवं फुटकर बाजार नहीं लगाया जाएगा। जिला प्रशासन के अनुसार राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर जिले में व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कोठी बाजार क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक सब्जी एवं फुटकर बाजार को एक दिन के लिए स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है, ताकि प्रशासनिक व्यवस्थाओं के संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।
जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद, बैतूल ने सभी व्यापारियों, सब्जी विक्रेताओं, फुटकर कारोबारियों तथा आम नागरिकों से निर्धारित व्यवस्था का पालन करने और प्रशासन को आवश्यक सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है। प्रशासन ने कहा है कि सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में नागरिकों की सहभागिता महत्वपूर्ण रहेगी। प्रशासन ने नागरिकों से यह भी अपील की है कि वे साप्ताहिक बाजार के स्थगन की सूचना को गंभीरता से लेते हुए अपनी आवश्यक खरीदारी एवं अन्य कार्यों की पूर्व योजना बना लें। इससे बाजार बंद रहने के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार



**सारणी।** थाना सारणी पुलिस ने नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को महज 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 जून 2026 को एक महिला ने थाना सारणी पहुंचकर अपनी नाबालिग पुत्री के साथ गलत कार्य किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी राजकुमार नागले (34 वर्ष), निवासी आजाद नगर, पाथाखेड़ा, थाना सारणी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 199/2026 के तहत धारा 65(2) बीएनएस एवं 5(एम)/6 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल श्री वीरेन्द्र जैन ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे तथा एसडीओपी सारणी सुश्री प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में थाना सारणी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने सघन जांच एवं लगातार प्रयासों के बाद आरोपी राजकुमार नागले को घटना दर्ज होने के 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को विधिवत न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक प्रीति पालेवार तथा आरक्षक मोहित भाटी, रवि मोहन, सुभाष मंडलोई, अनुज यादव, लक्ष्मी कश्यप एवं महिला सैनिक उर्मिला विश्वकर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अभिनंदन सरोवर पार्क में मनाई महाराणा प्रताप की 439वीं जयंती



**बैतूल।** वीरता, स्वाभिमान, त्याग और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती क्षत्रिय महासभा राजपूत समाज अखंड भारत के तत्वावधान में अभिनंदन सरोवर पार्क स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजनों ने सहभागिता कर महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर जगदीश सिंह राघव ने कहा कि महाराणा प्रताप राजपूत समाज ही नहीं, पूरे राष्ट्र के गौरव हैं। उनका जीवन संघर्ष, त्याग, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण की अनुपम मिसाल है।

---

### बैतूल एक कार्यक्रम में शिरकत करने आ रहीं राष्ट्रपति, जिले में होंगे कई कार्यक्रम आयोजित

**मिलानपुर-बैतूल कार से सफर**

# राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के आगमन की तैयारियां हुईं पूरी, आज सड़कों पर दौड़ेगा काफिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आमतौर पर किसी भी वाहन को सड़क पर चलने के लिए उस वाहन का रजिस्ट्रेशन और आरटीओ नंबर होना अनिवार्य है। इसके बिना सड़क पर वाहन नहीं चलाया जा सकता है। यदि आप ऐसा करते हैं, तो कानूनी रूप से आपके खिलाफ चालानी कार्रवाई होगी या फिर जुर्माना भी हो सकता है, लेकिन 18 जून को बैतूल एक कार्यक्रम में शिरकत करने आ रही देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हेलीपैड वाले स्थल मिलानपुर से बैतूल के कार्यक्रम स्थल लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम तक बिना नंबर प्लेट की स्पेशल गाड़ी से यह सफर पूरा करेगी। इसके पीछे की वजह यह नहीं है कि सरकार और प्रशासन के पास रजिस्ट्रेशन और आरटीओ नंबर प्लेट वाली स्पेशल गाड़ी नहीं है बल्कि यह एक प्रोटोकॉल के तहत होता है और इसके पीछे की एक अहम वजह राष्ट्रपति का देश का प्रथम नागरिक होना और उनके सम्मान को बनाए रखना होता है।

आपके जेहन में यह सवाल जरूर आ रहा होगा कि बिना नम्बर प्लेट की गाड़ी के साथ सफर से यह कैसा सम्मान है ? दरअसल यह व्यवस्था ब्रिटिश कालीन शासन काल से ही चली आ रही है । यह माना जाता है कि 'राजा कभी कोई गलत काम नहीं कर सकता,,,'



बस यही सम्मान देने के लिए उनकी गाड़ी में नंबर प्लेट नहीं होती है, वे बिना नंबर प्लेट लगी हुई गाड़ियों से ही विभिन्न कार्यक्रमों के लिए सफर करती है।

राष्ट्रपति की गाड़ी में नंबर प्लेट की जगह सोने की परत से बना हुआ अशोक स्तंभ होता है, जो नंबर प्लेट की जगह लगा होता है। राष्ट्रपति के काफिले में करीब 14 वाहन होते हैं। राष्ट्रपति के बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ी से चलने की कुछ वजह सुरक्षा कारण भी बताए जाते है। इसके अलावा भी कुछ प्रमुख कारण है, जो राष्ट्रपति को सम्मान देने की वजह से ऐसे हैं। बहरहाल बैतूल आ रही राष्ट्रपति के लिए स्टेडियम दुल्हन की तरह सज चुका है।कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी है। बैतूल वासियों की गुरूवार को राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू से मुलाकात भी होगी और वह उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के साथ बिना नंबर प्लेट लगी गाड़ी से आते हुए भी देख सकेंगे।

#### ये है ऐतिहासिक मान्यता:

यह परंपरा ब्रिटिश काल के सिद्धांत ३द किंग कैन डू नो रॉन्ग३ (राजा कभी कोई गलत काम नहीं कर सकता) से प्रेरित है। इसके अनुसार, देश के प्रमुख पर कोई भी कानूनी मुकदमा या आम नियम लागू नहीं होते। सुरक्षा और विशिष्टता: भारत के राष्ट्रपति देश के प्रथम नागरिक और तीनों सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर होते हैं। उन्हें देश में सर्वोच्च वरीयता प्राप्त होती है।

#### राष्ट्रीय गरिमा का प्रतीक:

उनकी गाड़ी पर सामान्य नंबर प्लेट की जगह अशोक स्तंभ का होना, इस पद की गरिमा, संप्रभुता और राष्ट्र के सर्वोच्च नेतृत्व को दर्शाता है। राष्ट्रपतियों की गाड़ियों के अलावा, उपराष्ट्रपति और राज्यों के राज्यपालों की आधिकारिक गाड़ियों पर भी सामान्य नंबर प्लेट नहीं होती, और उन पर भी राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह का ही इस्तेमाल किया जाता है।

#### नंबर प्लेट की जगह लगा होता है ये

भारत के राष्ट्रपति देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर होते हैं, इसलिए उनकी आधिकारिक गाड़ी पर कोई नंबर प्लेट नहीं होती। इसके बजाय, लाइसेंस नंबर वाली जगह पर सोने की परत से उकेरा हुआ राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह (अशोक स्तंभ) लगा होता है।

### राष्ट्रपति के मुख्य आतिथ्य में आज आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण

**बैतूल।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य में आज 18 जून को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में ह्लआध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरणह्व महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, विधायक बैतूल हेमन्त खंडेलवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का सुबह 10.50 बजे मिलानपुर टोल नाका हेलीपैड पर आगमन होगा। इस दौरान स्वागत के पश्चात राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु मिलानपुर टोल नाका हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम के लिये प्रस्थान करेंगी। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर आगमन के दौरान राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु द्वारा पौधरोपण कर ब्रम्हकुमारी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ फोटो सेशन होगा। इसके पश्चात कार्यक्रम स्थल पर विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन होगा।




मुख्य कार्यक्रम मंच पर राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के बाद द्वीप प्रज्वलन होगा। इस दौरान मंच पर उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा राष्ट्रपति जी का शॉल, स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंट कर स्वागत अभिनन्दन किया जाएगा। राजयोगिनी बी.के. मंजु दीदी संचालक बैतूल मप्र द्वारा स्वागत उदबोधन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु कलश एवं ध्वज द्वारा महासम्मेलन का शुभारंभ करेंगी। तत्पश्चात राजयोगिनी बी.के. शैलजा दीदी जोनल संचालक मध्यप्रदेश द्वारा उद्बोधन, केंद्रीय राज्यमंत्री श्री दुर्गादास उईके व माननीय राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल द्वारा उद्बोधन होगा। इसके बाद राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु द्वारा उद्बोधन दिया जाएगा। राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के पश्चात राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु मिलानपुर टोल नाका हेलीपेड के लिये प्रस्थान करेंगी। यहां से दोपहर 12:45 बजे राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ओंकारेश्वर के लिए प्रस्थान करेंगी।

#### कमिश्नर, कलेक्टर एवं एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य में 18 जून को आयोजित होने वाले ह्लआध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरणह्व कार्यक्रम की तैयारियों का बुधवार को कमिश्नर श्री श्रीकांत बनोठ, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे एवं पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन ने लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों एवं फाइनल रिहर्सल का अवलोकन किया। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली गई है। कार्यक्रम स्थल के विभिन्न सेक्टरों में कार्यपालक मजिस्ट्रेट, पुलिस बल एवं अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

#### प्रभारी मंत्री पटेल आज बैतूल प्रवास पर, महासम्मेलन में होंगे शामिल

**बैतूल ।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग राज्यमंत्री एवं बैतूल जिले के प्रभारी मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल 18 जून को बैतूल प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री पटेल प्रातः 10 बजे मिलानपुर टोल स्थित हेलीपैड पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की आगवानी करेंगे। तत्पश्चात राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के मुख्य आतिथ्य में लाल शास्त्री स्टेडियम में आयोजित ह्लआध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरणह्व महासम्मेलन में शामिल होंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री श्री पटेल मिलानपुर टोल स्थित हेलीपैड पर राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू को विदाई देंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री श्री पटेल दोपहर 2 बजे बैतूल से ओंकारेश्वर के लिए प्रस्थान करेंगे।

---

### बैतूल में नागपुर के डॉ. ममतानी द्वारा आयुर्वेदिक रोग निदान शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पूज्य सिंधी पंचायत बैतूल व आरोग्यधाम हेल्थकेयर सोसायटी नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. ममतानी दंपति द्वारा घर-घर में आयुर्वेद पहुंचाने के उद्देश्य से अलग-अलग स्थानों पर नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाते है।

इसके तहत बैतूल में 297वां आयुर्वेदिक रोग निदान शिविर 20 जून शनिवार सुबह 11 से शाम 4 बजे तक श्री झूलेलाल मंदिर मोहन कॉलोनी (सिंधी कॉलोनी), बैतूल में आयोजित किया गया है। जीकुमार आरोग्यधाम के संचालक डॉ. जी. एम. ममतानी व डॉ. अंजू ममतानी के अनुसार शिविर में संधिवात, लकवा, गठियावात, गाऊट, साइटिका, स्नायु पीडा, ऑस्टियोपोरोसिस, स्पांडिलाइटिस, स्लिपडिस्क, पी.आय.डी, फ्रोजन शोल्डर, मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी, पोलियो, एवैस्कुलर नेक्रोसिस कंपवात, ऑस्टियो आर्थराइटिस, कमरदर्द, घुटने का दर्द, लिगामेंट इंज्युरी, डायबिटीज, हृदय रोग, हाइपरटेंशन, हाइपरकोलेस्ट्रोल, मिर्गी, माइग्रेन, साइनोसाइटिस, दमा, पुरानी सर्दी.खांसी, थायराइड विकार, वैरिकोज वेन्स, एसिडिटी, अल्सर, कब्ज, अल्सरेटिव कोलाइटिस, इरिटेबल बोवेल सिंड्रोम एलर्जी, उदर विकार, किडनी व प्रोस्टेट विकार, बवासीर, पथरी, सोरिएसिस, सफेद दाग, चर्मरोग, एक्जिमा, मानसिक विकार, नींद न आना, डिप्रेशन, एन्जाइटी, रक्तप्रदर, श्वेतप्रदर, कष्टार्तव, बांझपन (संतान न होना), स्त्रीरोग, सौंदर्य समस्याएं, मुंहासे, झाइयां, मोटापा, दुबलापन, बालों का झडना, असमय बाल सफेद होना, सेक्स समस्याएं इत्यादि रोगों का निःशुल्क आयुर्वेदिक पंचकर्म चिकित्सा परामर्श दिया जाएगा।

### जागरुकता रैली में बच्चे और महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल

# बालाजीपुरम में योग शिविर आरंभ, रविवार को मनेगा योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भारत के पांचवेधाम श्री रूकमणि बालाजी मंदिर बालाजीपुरम बैतूल में योग शिविर आज 16 जून से आरंभ हुआ। बालाजीपुरम संस्थापक सेम वर्मा के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 19, 20 एवं 21 जून को आयोजित होने वाले योग शिविर से पहले बैतूल बाजार नगर में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मंगलवार को एक योग जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बच्चों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, सहित बड़ी संख्या में पतंजलि परिवार के योग साधको ने भाग लिया और योग को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। रैली पवार चौक से बाजार चौक, चौकीपुरा, बड़ा शिव मंदिर, यूनियन बैंक से होकर गुजरी। पूरे मार्ग पर योग गीतों, नारों और जनसंपर्क अभियान के माध्यम से लोगों को 19, 20 एवं 21 जून को योग महोत्सव में बालाजीपुरम आने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं ने घर-घर जाकर योग के लाभ बताए और लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। रैली के दौरान लोगों में काफी उत्साह देखा गया। रैली का आयोजन नियमित योग क्लास बैतूल बाजार के योगा ग्रुप के तत्वावधान में किया गया था। रैली की शुरुआत कार्मेल चिल्डर्न स्कूल से हुई एवं समापन बालजीपुरम में भगवान बालाजी की महाआरती के साथ हुआ।

इस अवसर पर बालाजीपुरम मंदिर की सहसंस्थापिका श्रीमती जयदेवी वर्मा, ट्रस्टी ऋषि वर्मा,



बालाजी समिति संयोजक सुनील द्विवेदी ,भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी सुनील कुबडे, सह प्रभारी राजकुमार गोहिते, युवा भारत के जिला प्रभारी हितेश पटेल,सह प्रभारी लोकेश वर्मा , किसान सेवा समिति के नवनीत वर्मा, जिला योग समिति के विनोद परिहार, रामदयाल बोरबन, तुलसीराम पांडे, सुनील मेसरे, शेर सिंह देवडे, अर्जुन सिंह चंदेल, कन्हैयालाल झपाटे, मिश्रीलाल डडोरे, राजेश कोडलें,मुकेश ठाकुर, श्रीमती तरुणा द्विवेदी, ज्योति देशमुख, सरिता दरवाई, भावना मोरे, रजनी पनकर, रितु नवांगे अंजलि पवार, विद्या पोटफोडे, सुनीता पवार, गीता पवार सहित बालाजी मंदिर संस्थान के नियमित श्रद्धालु मौजूद थे।

#### पूर्वाभ्यास में 610 ने लिया योग प्रशिक्षण

### आयुष विभाग के नेतृत्व में कई स्थानों पर किया योग प्रशिक्षण कार्यक्रम

**बैतूल।** जिला आयुष विभाग के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्वाभ्यास के अंतर्गत आज 17 जून को जिले के विभिन्न स्थानों पर व्यापक योग अभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉ.योगेश चौकीकर के मार्गदर्शन में आयुष विभाग तथा विभिन्न गैर सरकारी एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।
मुलताई उपजेल में योग प्रशिक्षक रागिनी शिवहरे के द्वारा 95 बंदियों एवं लाभार्थियों को योगाभ्यास कराया गया। वहीं ताप्ती परिसर गायत्री मंदिर मुलताई में डॉ.ललित रतन चौधरी एवं डॉक्टर तरु लता आठनेरे के निर्देशन में 21 योग लाभार्थियों ने योग प्रशिक्षण प्राप्त किया। आमला स्थित गायत्री परिवार समिति में श्री अशोक रघुवंशी के मार्गदर्शन में 20



लोगों ने योगाभ्यास किया। इसी क्रम में पतंजलि योग समिति के प्रशिक्षक प्रीति साहू एवं कल्पना उईके के द्वारा द्वारका लॉन कालापाठा बैतूल में 43 लाभार्थियों को योग का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही चिचोली बाजार चौक में 12 लाभार्थियों ने योग प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें कुल 419 लाभार्थियों ने योगाभ्यास का लाभ लिया। इस प्रकार पूरे जिले में आयोजित इन विविध योग सत्रों के माध्यम से कुल 610 लाभार्थियों ने योग प्रशिक्षण प्राप्त किया।

---

### सिपावा में महिलाओं का शराबबंदी अभियान

# अवैध शराब बिक्री के विरोध में निकाली रैली

**गांव को नशामुक्त बनाने की मांग, सरपंच को सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मुलताई-दुनावा क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार, जुआ-सट्टा एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों को लेकर ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हाल ही में दुनावा की महिलाओं द्वारा अवैध शराब, जुआ और सट्टे जैसी सामाजिक बुराइयों पर रोक लगाने की मांग उठाए जाने के बाद बुधवार को ग्राम सिपावा में भी महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री एवं सार्वजनिक रूप से शराब सेवन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने गांव में जागरूकता रैली निकालकर




नशामुक्त समाज का संदेश दिया तथा ग्राम पंचायत को ज्ञापन सौंपकर गांव में अवैध शराब बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की। महिलाओं ने ग्राम पंचायत परिसर से रैली प्रारंभ कर पूरे गांव का भ्रमण किया। रैली के दौरान उन्होंने शराब के दुष्परिणामों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया और शराब बिक्री बंद करने तथा गांव को नशामुक्त बनाने के समर्थन में नारे लगाए। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना था कि गांव में अवैध रूप से शराब की बिक्री होने से कई परिवार प्रभावित हो रहे हैं। शराब के कारण घरेलू कलह, आर्थिक संकट और सामाजिक समस्याएं बढ़ रही हैं, जिसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं एवं बच्चों पर पड़ रहा है।

रैली के बाद महिलाओं ने ग्राम पंचायत पहुंचकर सरपंच को ज्ञापन सौंपा और गांव में शराब की बिक्री एवं सेवन पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की।

### एल्डरमैनों ने सौंपा ज्ञापन, कराएं सौंदर्यीकरण

**घटिया फाउंटेन उपलब्ध कराने वाली कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की उठाई मांग**

# ताप्ती के जन्मोत्सव से पहले ही नया म्यूजिकल फाउंटेन लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर पालिका परिषद मुलताई के एल्डरमैनों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम एक ज्ञापन उपयंत्री महेश शर्मा को सौंपते हुए ताप्ती सरोवर में विधायक निधि से स्थापित किए गए म्यूजिकल फाउंटेन की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। एल्डरमैनों ने मांग की है कि आगामी ताप्ती जन्मोत्सव से पूर्व ताप्ती सरोवर में उच्च गुणवत्ता वाला एवं किसी प्रतिष्ठित कंपनी का नया म्यूजिकल फाउंटेन स्थापित कर उसे सुचारू रूप से संचालित किया जाए। साथ ही पूर्व में घटिया फाउंटेन उपलब्ध कराने वाली कंपनी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए उसे ब्लैकलिस्ट घोषित किया जाए। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि विधायक चंद्रशेखर देशमुख की विधायक निधि से लगभग 11 लाख रुपये की राशि ताप्ती सरोवर के सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगरपालिका को म्यूजिकल फाउंटेन स्थापित करने के लिए प्रदान की गई थी। लेकिन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह रही कि लाखों रुपये की लागत से लगाया गया यह फाउंटेन प्रारंभ होने के मात्र एक माह के भीतर ही बंद हो गया और लंबे समय से अनुपयोगी पड़ा हुआ है।



एल्डरमैनों ने कहा कि इतने कम समय में फाउंटेन का बंद हो जाना संबंधित प्रदायक कंपनी की निम्नस्तरीय कार्यप्रणाली, गैर-जिम्मेदाराना रवैये तथा अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन को दर्शाता है। शासकीय धनराशि से स्थापित इस परियोजना का अल्प समय में निष्प्रभावी हो जाना सार्वजनिक धन के दुरुपयोग का उदाहरण है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि आगामी दिनों में माँ ताप्ती के पावन जन्मोत्सव का भव्य आयोजन होने वाला है। इस अवसर पर नगर सहित प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक मुलताई पहुंचते हैं।

## खबर संक्षेप

### कोतवाली पुलिस ने लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया

गुना। गुना कोतवाली पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी न्यायालयीन कार्रवाई से लगातार अनुपस्थित चल रहा था। एसपी हितिका वासल के निर्देशन में जिले में फरार आरोपियों एवं वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई की गई।

### कपिलेश्वर धाम में गूंजे वैदिक मंत्र

सांरगपुर। पुरुषोत्तम मास की पावन अमावस्या के अवसर पर कपिलेश्वर धाम स्थित माँ कृष्णासिंधु के पावन तट पर भव्य दीपदान, वैदिक पूजन एवं महाआरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की विशाल उपस्थिति से पूरा तीर्थक्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान कपिलेश्वर महादेव के विधिवत अभिषेक, पूजन एवं संध्या आरती के साथ हुई। इसके पश्चात श्रद्धालु कृष्णासिंधु घाट पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच देवी-देवताओं का पूजन-अर्चन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान का संचालन पं. पवन पारीक, पं. भूपेंद्र जोशी, पं. बालकृष्ण शर्मा, पं. विप्र पारीक, पं. सहयोग शर्मा एवं संतोष पुरी द्वारा कराया गया। कृष्णासिंधु घाट हजारों दीपों की स्वर्णिम आभा से जगमगा उठा। श्रद्धालुओं ने माँ कृष्णासिंधु का दुग्धाभिषेक, पूजन एवं श्रृंगार कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की।

### नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने किया भूमिपूजन, क्षेत्रवासियों का वर्षों का सपना हुआ साकार

# भगत सिंह नगर में विकास की नई पहचान, बनेगा 100 मीटर का मार्ग

**इटारसी के वार्ड 25 में भगत सिंह नगर में सडक निर्माण का भूमिपूजन नपाध्यक्ष पंकज चौरे द्वारा किया गया। सडक निर्माण से वार्ड के नागरिकों को धूल कीचड जैसी समस्याओं का सामना नही करना पडेगा।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर के वार्ड क्रमांक 25 स्थित भगत सिंह नगर में बुधवार को उस समय उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला जब क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण योजना का विधिवत भूमिपूजन किया गया। वर्षों से कच्चे मार्ग, धूल, कीचड़ और आवागमन की समस्याओं से जूझ रहे नागरिकों के लिए यह अवसर किसी उत्सव से कम नहीं था। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड पार्षद शुभम गौर के साथ पूजा-अर्चना कर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

लगभग 9 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 100 मीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण सुनील गौर के मकान से लखन कश्यप के मकान तक किया जाएगा। सड़क निर्माण से क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा तथा वर्षों से चली आ रही आवागमन संबंधी परेशानियों का स्थायी समाधान होगा। भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए शुभम गौर ने क्षेत्र के विकास के लिए सदैव सक्रिय रहने वाले विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में वार्ड में विकास कार्यों को नई गति मिली है। कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, विधायक प्रतिनिधि दीपक अठौत्रा, वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद कुंदन गौर, कमलेश गौर, रोहित अहिरवार, सुनील गौर, अनिल गौर, धनराज मालवीय, पूरन मेशकर, बिल्लौरे, मोनिश दामाडे, गोपाल शर्मा, उपनिषद दुबे, शुभम पटेल, हर्ष राजपूत, कांता प्रसाद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भगत सिंह नगर में सड़क निर्माण कार्य का यह भूमिपूजन केवल एक निर्माण परियोजना की शुरुआत नहीं, बल्कि वर्षों की उपेक्षा के बाद विकास की नई सुबह का संकेत माना जा रहा है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि यह सड़क आने वाले समय में पूरे वार्ड के विकास की मजबूत आधारशिला साबित होगी।

### सडक निर्माण नही विकास का नया अध्याय: पार्षद गौर

वार्ड पार्षद शुभम गौर ने कहा कि यह सड़क केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास का नया अध्याय है। उन्होंने बताया कि आजादी के बाद पहली बार इस मार्ग का निर्माण होने जा रहा है। वर्षों से यहां के रहवासी पक्की सड़क की मांग कर रहे थे, लेकिन उनकी आवाज अनसुनी रह गई।

### वार्डवासियो को मिली राहत

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड का समान रूप से विकास करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और नगर पालिका परिषद नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले जनप्रतिनिधियों ने जनता की मूलभूत आवश्यकताओं पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से पीछे रह गया। लेकिन अब जनता ने विकास के पक्ष में निर्णय लेते हुए भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों को अवसर दिया है, जिसका परिणाम आज क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। नपाध्यक्ष चौरे ने कहा कि पिछले कुछ समय में भगत सिंह नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट,तथा विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं के माध्यम से अनेक उल्लेखनीय कार्य हुए हैं।
नगर पालिका का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार लाना है। आगामी समय में वार्डवासियो को किसी प्रकार की समस्याए नही आयेगी।

# नहीं हो पा रहा सप्लाई में सुधार, परेशान उपभोक्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल ईंधनों की सप्लाई बाधित है। जिसके चलते उपभोक्ताओं को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोहागपुर शहर के चार पेट्रोल पंप में से तीन पर पिछले दो दिन से ईंधन उपलब्ध नहीं है।

उपभोक्ताओं ने बताया कि शहर के चार में से तीन पेट्रोल पंपों पर मंगलवार को पेट्रोल तथा डीजल दोनों ही उपलब्ध नहीं थे। मात्र एक ही पंप पर दोनों ईंधन उपलब्ध थे। जिसके कारण बुधवार सुबह से लेकर दोपहर तक उक्त पेट्रोल पंप पर सैकड़ों वाहनों की कतार लगी रही। वाहनों की कतार के कारण स्टेट हाईवे पर यातायात बाधित रहा। यातायात की बाधा तब दूर हुई जब पेट्रोल पंप पर डीजल पूरी तरह समाप्त हो गया। और अब हालात इस तरह हैं कि सोहागपुर शहरी क्षेत्र के किसी भी पेट्रोल पंप पर डीजल की आवश्यकता अनुसार उपलब्धता है ही नहीं।

### किसान ज्यादा परेशान

इस स्थिति से सर्वाधिक परेशान किसान हैं, जिन्हें कृषि कार्य के लिए इन दिनों डीजल की सबसे अधिक आवश्यकता है। लेकिन सीमित मात्रा अथवा सीमित राशि का डीजल ही किसानों को मिल पा रहा है। ऊपर से सरकारी आदेश अनुसार वाहन में ही डीजल दिया जा रहा है। कुप्पियों में डीजल देना बंल कर दिया गया है। जिसके चलते किसानों में असंतोष है। किसानों का कहना है कि प्रशासन को नियमित रूप से पेट्रोल पंपों के स्टाक की जांच करनी चाहिए। ताकि सभी में आवश्यकता अनुसार पेट्रोल तथा खासकर डीजल की डिमांड की पूर्ति हो सके। प्रशासनिक अधिकारियों से नागरिकों ने अपेक्षा की है कि वे उच्च स्तर से डीजल तथा पेट्रोल की सप्लाई में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास करें।

### घंटों बाद भी निराश

क्षेत्रीय किसानों तथा नागरिकों ने बताया कि बुधवार सुबह जायसवाल पेट्रोल पंप पर डीजल तथा पेट्रोल मिल रहा था। लेकिन दोपहर होते-होते डीजल व पेट्रोल की पूरी मात्रा समाप्त हो गई। इस दौरान घंटों लाइन में लगने के बाद भी किसानों व आमजनों को ईंधन नहीं मिला। ग्राम रेंगाखेड़ा निवासी धर्मेंद्र मेहरा व चारगांव निवासी बीपी पालीवाल ने बताया कि वे घंटों लाइन में लगे रहे, लेकिन डीजल नहीं मिला। नागरिकों ने कुप्पियां रखकर अपने नंबर निर्धारित कर रखे हैं। वहीं सोहागपुर नप उपाध्यक्ष आकाश पटेल भी पेट्रोल के लिए लाइन में लगे नजर आए।

# गुरु अर्जनसिंह देव के शहीदी दिवस पर शर्बत वितरण आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सिख समाज के गुरु अर्जनदेव सिंह का आज गुरुवार को शहीदी दिवस है। इस अवसर सोहागपुर सिख समाज एवं गुरुद्वारा कमेटी सोहागपुर द्वारा आज मुख्य बाजार क्षेत्र में शर्बत वितरण किया जाएगा। सिख समाज धर्मगुरु ज्ञानी सुरजीत सिंह ने बताया कि आज सुबह 10 बजे से शहर के मुख्य बाजार में स्टेट हाईवे किनारे काउंटर लगाकर शर्बत वितरण किया जाएगा।

### किया जीवन न्यौछावर

सिख समाज धर्मगुरु ज्ञानी सुरजीत सिंह ने बताया कि गुरु अर्जनदेव सिंह ने तरनतारन साहिब और करतारपुर जैसे नए शहर बसाए। गुरु जी की बढ़ती लोकप्रियता और सिख धर्म के विस्तार से मुगल बादशाह जहांगीर ईर्ष्या करने लगा। पुत्र खुसरो को आशीर्वाद देने के बहाने जहांगीर ने गुरु जी को बुलाया। तथा यातनाएं देकर शहीद करने का आदेश दिया। जहांगीर ने गुरुजी को उबलते पानी में बिठाया, गर्म तवे पर तपाया और सिर पर गर्म रेत डलवाई। इन असहनीय यातनाओं को सहते हुए भी गुरु जी ने ईश्वर की इच्छा को सहर्ष स्वीकार किया और 30 मई 1606 को लाहौर में अपना बलिदान दे दिया। इस महान बलिदान के कारण आपको 'शहीदों के सरताज' की उपाधि से सम्मानित किया जाता है।

# सचिवों के हुए नाम मात्र के तबादले, वर्षों से जमे कई सचिव अभी भी पदस्थापना पर हैं बरकरार

**नेताओं के सरंक्षण में लगातार खुलकर मिल रहा भ्रष्टाचार को बढ़ावा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की 52 ग्राम पंचायत में से कुल 5 से 7लोगो के तबादला किया गया है।जो सचिव राजनीतिक गलियारों में पल रहे हैं। नेताओं के सरंक्षण में लगातार खुलकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। 3 वर्ष पूर्ण होने पर भी शासन कै ठेंगा दिखा रहे हैं। जमे हुए हैं। अपने निजी निवास की सीमा से लगे हुए हैं। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।ना ही कोई तबादला किया गया है।

### विजय पटेल को भेजा टेकापार से पनारी

अभी वर्तमान में खेमचंद सराठे जो जनपद पंचायत में अटैच थे। उनके लिए लंबे समय बाद टेकापार पंचायत में पदस्थ किया गया है। उमाशंकर पटेल जो लगभग 5 वर्ष से खैरा में जमे हुए थे। उनके लिए हतवास भेजा गया है। दिलीप जायसवाल को खैरीकला में भेजा गया है। विजय पटेल को टेकापार से पनारी भेजा गया है। नरेंद्र सिंह राजपूत को राइखेडीसे पचलावरा भेजा गया है। ओमप्रकाश साहू को बनवारी से राईखेडीभेजा गया है। अजय पांडेय जो लगातार पंचायत में अनुपस्थित रहने के लिए चर्चा में है। उन्हें खैरा भेजा गया है। राजेश पटेल को निभौरा बनखेड़ी विकास खण्ड भेजा गया है।

वर्तमान में प्रबल अरजरिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ने तरौनकला की सचिव किरण कहार को जनपद पंचायत में अटैच किया गया है। उनके तरौनकला पंचायत में अतिरिक्त प्रभार प्रेमनारायण सराठे को दिया गया है। लेकिन जनपद पंचायत में अटैच के बाद लगातार 6माह से लापता है। जनपद पंचायत आती ही नहीं है।

### होगी लापरवाही

लोगों का कहना है कि वर्षो से एक ही स्थान पर पदस्थ सचिव अथवा कर्मचारी एक समय के बाद मनमानी करने लग जाते है एवं लापरवाही करने लग जाते है। इस कारण विभाग तबादले करता है ।

### जारी हैं अनियमितताएं

वेतन भुगतान सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।इस तरह से अनेकानेक अनमितताए प्रतीत हो रही है। लेकिन पंचायत मंत्री से लेकर सभी सक्षम अधिकारियों से भी कुछ नहीं है। पंचायत इंस्पेक्टर के सेवा निवृत्त के बाद लगभग 10साल पंचायत इंस्पेक्टर नहीं है। अभी वर्तमान में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान को मुख्य कार्यपालन अधिकारी का प्रभारी बनाया गया है।

### एलह इस्लाम अंजुमन सदर चुनाव में शाहरुख अहमद जीते, हुआ स्वागत



जीरापुर । स्थानीय आवास कॉलोनी स्थित कर्मचारी भवन में एलह इस्लाम अंजुमन कमेटी सदर पद के चुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज थी जहां पर कांटे की टक्कर में शाहरुख अहमद ने जीत हासिल की। चुनाव में शाहरुख अहमद को 452 वोट के साथ 206 वोटों की बंपर लीड के साथ जीत का परचम लहराया। तथा शेख वहीद भाई 246, वहीद खान 158, जमील भाई 102, आदिल भाई 13 वोट मिले, इस चुनाव में 971 मतदाताओं ने मत डालें। समर्थकों ने फूल-मालाओं से नए सदर का स्वागत किया। युवाओं में खुशी की लहर है। जीरापुर अंजुमन के इतिहास में पहली बार सदर की कुर्सी पर किसी युवा ने कब्जा जमाया है।

# नगर कांग्रेस कमेटी ने किसानों की समस्या को लेकर लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नगर अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत ने किसानों की समस्या का निराकरण हेतु शासन को पत्र लिखा है। बताया गया है कि सरकार किसानों को परेशान करना बंद करें। जैसे मुख्य रुप से डीजल , डीएपी खाद, यूरिया खाद, मूंग पंजीकरण की समस्या का तत्काल प्रभाव से निराकरण किया जावे। केंद्र सरकार राज्य सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का आश्वासन दिया था। लेकिन आज किसान दर दर भटक रहा है।

### आषाढ़ में चूका किसान, सालभर रहता है परेशान

खेती का सबसे महत्वपूर्ण समय है। डीजल पेट्रोल के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी है। किसानों को वर्तमान में खाद्य बीज सभी महंगे दामों में मिल रहा है। मूंग पंजीकरण के लिए किसानों को अनेकानेक परेशानी हो रही है। पोर्टल पर दर्ज कराई में समस्या बढ़ती जा रही है।

### किसानों की समस्याओं का हो निराकरण

नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत ने सरकार एवं शासन से मांग की है। डीजल डीएपी खाद यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जावे। मूंग पंजीकरण को सरल प्रक्रिया बनाया जा सकता है। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस कमेटी किसानों के साथ सड़क से लेकर शासकीय कार्यालयों तक संघर्ष करेंगी। जिसकी जबाब दार अधिकारी एवं सरकार होगी।

# सोहागपुर नपा सीएमओ रहेंगे पिपरिया प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगरपालिका परिषद में आर ,पी , नायक मुख्य नगरपालिका अधिकारी के प्रमोशन होकर बिदा लेने के बाद से लेखापाल मुकेश पठारिया के पास प्रभार दिया गया था। जिसमें और अच्छी तरह से लगातार नगरपालिका का संचालन किया जा रहा था।

लेकिन अभी शासन के नियमानुसार अधिकारी की पदस्थापना आवश्यक है।

### कई पद पडे है रिक्त

इस उद्देश्य से मुख्य नगरपालिका अधिकारी सोहागपुर भी रिक्त पद पड़ा हुआ था। अभी बनखेड़ी नगर परिषद भी रिक्त पड़े हैं, तथा पिपरिया नगरपालिका में भी पद रिक्त था। तो शासन द्वारा विगत दिनों मुख्य नगरपालिका अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा को सोहागपुर पदस्थ किया गया है। लेकिन अभी वर्तमान में पिपरिया का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### दो दिवस ही रहेंगे उपलब्ध

इस बारे में शर्मा ने बताया कि सप्ताह के 2 दिवस पिपरिया नगरपालिका परिषद में रहेंगे बुधवार एवं शुक्रवार को उपस्थित रहेंगे। शेष दिवस सोहागपुर में रहेगें।

### लेखापाल को दिया प्रभार

पिपरिया नपा में लेखपाल मुकेश पठारिया को अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है। नवीन पदस्थापना होने तक पठारिया सीएमओ के प्रभारी होंगे।

### 97.22 करोड़ की योजनाओं से 6900 हितग्राही लाभान्वित

सुठालिया। नगर परिषद द्वारा रविवार को कार्यालय परिसर में जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद ने बताया कि शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत नगर के 6900 से अधिक हितग्राहियों को 97.22 करोड़ रुपये का लाभ दिया जा रहा है। योजना अनुसार लाभान्वित हितग्राही: प्रधानमंत्री आवास योजना में 1544 हितग्राहियों को 38.60 करोड़ शामिल हैं।

**पात्र हितग्राहियों को मिलेगा सरकार की योजनाओं का लाभ**

# नगर परिषद में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर




शासन के निर्देशानुसार केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का पात्र लोगों को त्वरित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नगर परिषद जीरापुर में 'तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर' का शुभारंभ किया गया। शिविर में 'नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पार्षद शिवचरण मंडलोई, कमल झावा' सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवनारायण दांगी' ने बताया कि यह शिविर '15 जून, 16 जून एवं 18 जून 2026' को नगर परिषद सभागृह जीरापुर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में नगर के पात्र वंचित लोग 'आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन जमा कर' शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। नगर परिषद द्वारा आम लोगों को शिविर की सूचना देने के लिए 'नगर में मुनादी करवाई गई' है।

**नियम लादकर किसानों को परेशान किया जा रहा, समाधान की मांग को लेकर प्रदर्शन**

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने विशाल ट्रैक्टर रैली निकालकर आमसभा में जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कमेटी द्वारा विशाल ट्रेक्टर रैली एवं नगर के बस स्टैंड पर आमसभा का आयोजन किया गया। माचलपुर रोड स्थित ब्रिज के नीचे सोमवार की दोपहर में किसानों के सम्मान में कांग्रेस पार्टी ने खाद की भारी किल्लत, महंगी बिजली, अघोषित बिजली कटौती और डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ एक विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली। पूर्व ऊर्जा मंत्री और कांग्रेस जिला अध्यक्ष ट्रैक्टर चलाकर सीधे बस स्टैंड स्थित सभा स्थल तक पहुंचे और फिर एक विशाल आम सभा को संबोधित किया। पूर्व ऊर्जा मंत्री कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भाजपा की सरकार में किसानों को खाद नहीं मिल रहा है और मिल भी रहा तो वह भी महंगे दाम में उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा खाद लेने के लिए ई टोकन अनिवार्य कर दिया।

अगर किसान आज ई टोकन कटवाता है, 2 दिन बाद सोसाइटी या खाद्य विक्रेता व्यापारी के पास पहुंचता है तो उसे खाद नहीं मिलता यह बोल दिया जाता है कि आपका ई टोकन रिजल्ट हो गया, हाथों हाथ लेना था। आज डीजल के लिए किसान परेशान है किसानों को केन में डीजल नहीं दिया जा रहा है। 20 किलोमीटर से किसान ट्रैक्टर लेकर डीजल के लिए आ रहा है, यह नियम केवल किसानों के लिए ही सरकार लाई है, किसानों को ही परेशान किया जा रहा है। मृत्यु , करंट से मृत्यु ,आगजनी , एक्सीडेंट से मृत्यु हो जाए सहायता राशि के लिए जनपद के चार-चार महीने तक चक्कर काटना पड़ रहा है।

**विधवा , अनाथ बच्चे लगाते हैं चक्कर अभिनन्दन की सरकार सुनती नहीं है:** यह अभिनंदन की सरकार उनकी नहीं सुनती है। मैं तो यही कहता हूं उनकी हाई से तुम्हारी सरकार कहीं की नहीं रहेगी। एक तरफ तो देश के प्रधानमंत्री मंत्रियों की गाड़ी में काफिला कम करने कम खर्च करने की सलाह दे रहे हैं वहीं राजगढ़ के भाजपा कार्यकर्ता राजगढ़ की सबसे महंगी होटल में पार्टी की मीटिंग कर रहे हैं। उधर मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि मैं तो इलेक्ट्रॉनिक गाड़ी से ही जाऊंगा यह हाल है भाजपा सरकार का। यहां खड़े प्रशासनिक अधिकारी कान खोल कर सुन लो कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को बेवजह परेशान मत करो आप लोगों ने कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं पर भाजपा नेताओं के दबाव में झूठे 151 के कैस बनाए हैं।

# थाना सोहागपुर पुलिस ने सट्टा लिखने पर पकड़े तीन आरोपी

**एसपी के निर्देशन में जिले में जारी है कार्यवाही**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर पुलिस ने गत दिवस सट्टा लिखते तीन आरोपियों को पकड़ा है। सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि नर्मदापुरम् एसपी श्री साईं कृष्ण एस थोटा, एएसपी अभिषेक राजन तथा सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान के निर्देशन मे जिले में आदतन अपराधियों, अवैध शराब बेचने वालों तथा सट्टा लिखने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। 16 जून को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कस्बे में सट्टा विरोधी कार्यवाही की। टीआई गिरीश त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम गठितकर आरोपी हेमंत रघुवंशी पिता भूरेलाल रघुवंशी उम्र 40 साल निवासी रघुवंशीपुरा सोहागपुर, जाहिद खान पिता हसीब शाह उम्र 34 साल निवासी राजेन्द्र वार्ड सोहागपुर, मोहम्मद अरशद खान पिता इरशाद खान उम्र 24 साल निवासी राजेन्द्र वार्ड सोहागपुर से सट्टा सामग्री एवं नगदी 1225 रुपये नगद जप्त किये गए हैं। आरोपियों हेमंत रघुवंशी, जाहिद खान, मोहम्मद अरशद के विरुद्ध 4 (क) सट्टा अधिनियम के पृथक पृथक अपराध पंजीबद्ध किये गए हैं।

कार्यवाही करने वाली टीम में टीआई गिरीश त्रिपाठी, एएसआई रमाकांत यादव व गणेश राय, आरक्षक अजमेर परिहार, मनोहर दायमा, राजकुमार यादव, संदीप चौधरी, महिला आरक्षक नेहा रघुवंशी शामिल थे।

## खबर संक्षेप



### वैश्य समाज ने लोया का स्वागत किया

**हरदा।** भारतीय जनता पार्टी जिला हरदा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी एवं मुख्य वक्ता बृज गोपाल लोया के आगमन पर वैश्य समाज के सदस्यों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के विश्वास, विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वैश्य समाज की ओर से समर्थ सिंघल, संगीता अग्रवाल, महेश सादानी, अजय अग्रवाल एवं विक्रांत अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें कार्यकर्ता एवं समाजजन उपस्थित रहे।

### यूसीसी के लिए सुझाव देने कि अंतिम तिथि 22

**हरदा।** प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर नीति निर्माण की प्रक्रिया में आम जनता की भागीदारी बढ़ाई जा रही है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों और नागरिकों से अपील की है वे अपने सुझाव अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। सुझाव देने की अंतिम तिथि 22 जून तय की है। नागरिक पोर्टल पर सरल प्रक्रिया के तहत नाम, मोबाइल नंबर और ओटीपी सत्यापन के बाद 12 प्रश्नों के हां या ना में उत्तर देकर अपनी राय दर्ज कर सकते हैं।

### बुजुर्ग का शव मिला जांच में जुटी पुलिस

**हरदा।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक बुजुर्ग का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव हवेली होटल के पास आरा मशीन के नजदीक पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तुरंत डायल 112 पर दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सिटी कोतवाली टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 50 से 55 वर्ष के बीच लग रही है। उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि हवेली होटल के पास एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेज दिया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की पूछताछ में आसपास के लोगों ने बताया कि मृतक मंगलवार रात से ही इस क्षेत्र में घूम रहा था। बुधवार सुबह उसे नशे की हालत में देखा गया था। करीब दस बजे जब वह अचेत अवस्था में पड़ा मिला तो लोगों ने उस पर पानी डालकर उठाने की कोशिश की, लेकिन शरीर में कोई हलचल नहीं हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। टीआई रोशनलाल भारती के अनुसार, मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। उसके पहनावे से वह ग्रामीण क्षेत्र का निवासी प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### खेत में जबरन बना रहे दंबग रास्ता

**सीहोर।** खेत में जबरन रास्ता बनाने का आरोप मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर महिला फरियादी के द्वारा लगाया गया है। पीड़ित परिवार ने सभी सरकारी दफतरों में सबूतों के साथ अर्जी लगाई है लेकिन कोई सुनने को तैयार नही है। सीवन नदी के किनारे से निकले पुराने सरकारी रास्ते को जानबूझकर बंद कर दिया गया है। कलेक्ट्रेट पहुंची वृद्धा कमला कुशवाह ने बताया कि पुराने सरकारी रास्ते को बंद कर अवंतिपुरा खसरा नं. 35/3 की कृषि भूमि से रास्ता निकाने की कोशिश की जा रही है। खेत में मुर्म चूरी डलवा कर पक्का बनवाया जा रहा है। जबकी राजस्व न्यायालय ने 9/1/2/1 पर रास्ता बनाने के निर्देश पारित किया है यह भूमि जगदीश कुशवाहा की है।

---

पंचायत भवन केवल कार्यालय नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, जनसुविधाओं के केंद्र होंगे

# पटेल ने अटल ग्राम सेवा सदन का लोकार्पण कर कई सड़क निर्माण करने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा/खिरकिया

हरदा-खिरकिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने बुधवार को ग्राम पंचायत बड़नगर में 37 लाख 50 हजार रुपये की लागत से निर्मित अटल ग्राम सेवा सदन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंचायत भवन केवल कार्यालय नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, सुशासन और जनसुविधाओं का प्रमुख केंद्र होंगे। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कमल पटेल ने कहा कि पंचायत भवन ग्राम प्रशासन की रीढ़ है। यहां पंचायत क्षेत्र के विकास का व्यापक मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा, जिसे सरपंच, उपसरपंच, पंचों और ग्रामीणों की सहभागिता से क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में पंचायत भवन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांव, गरीब और किसान के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है तथा जिले के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शहीद ईलाप सिंह सिंचाई परियोजना के माध्यम से किसानों के खेतों तक नर्मदा का पानी पहुंचेगा, जिससे सिंचाई लागत कम होगी और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कमल पटेल ने आधुनिक एवं सुव्यवस्थित पंचायत भवन के निर्माण के लिए सरपंच राहुल पटेल की सराहना की तथा पंचायत परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।




### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में हुए शामिल

इसके बाद पूर्व मंत्री कमल पटेल ग्राम पंचायत बड़नगर के भागपुरा गांव में आयोजित हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने भगवान हनुमान का पूजन-अर्चन एवं कन्या पूजन किया। उल्लेखनीय है कि मंदिर निर्माण के लिए उन्होंने विधायक रहते हुए विधायक निधि से एक लाख रुपये की सहायता प्रदान की थी। समारोह में ग्रामीणों ने साफा बांधकर तथा शॉल-श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया।

### सड़क निर्माण की सौगात

भागपुरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कमल पटेल ने भागपुरा-काल्याखेड़ी, बड़नगर-काल्याखेड़ी तथा काल्याखेड़ी-बौंडगांव मार्ग के निर्माण कार्यों को शीघ्र स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क ग्रामीण विकास की आधारशिला है और किसानों व ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अवसर पर सरपंच राहुल पटेल ने कहा कि कमल पटेल के प्रयासों से पूर्व में भी क्षेत्र में कई सड़कों का निर्माण हुआ है, जिससे ग्रामीणों और किसानों को हरदा, खिरकिया तथा कृषि उपज मंडी तक आवागमन में सुविधा मिली है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोद, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सोलंकी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता नेकराम शर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुमित शर्मा, पंचायत सचिव राहुल विश्नोई सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, किसान, महिलाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---

महाराणा प्रताप जयंती पर आयोजन

# शिक्षा को बढ़ावा देने समाज की बेटियों के लिए सहायता राशि की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर स्थानीय राजपूत परिषद भवन में बुधवार को सम्मान समारोह एवं महासभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. विशाल सिंह बघेल ने कहा कि जो छात्राएं एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं, उन्हें उनकी ओर से 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

उन्होंने घोषणा की कि जिस दिन जिले में समाज की 20 से अधिक बेटियां एमबीबीएस की शिक्षा प्राप्त कर रही होंगी, उस समय प्रत्येक को 51 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। भोपाल से आए अतिथि एवं भाजपा प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि वर्तमान समय में अनुशासन सबसे बड़ी शिक्षा है। युवाओं और बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में अधिक से अधिक आगे बढ़ना चाहिए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित न्यूज एंकर एवं टीवी पत्रकार शुभम सिंह राजपूत ने कहा कि मोबाइल फोन का उपयोग सही दिशा में होना चाहिए। युवाओं को आवश्यक और उपयोगी चीजों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के युवा विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं और उन्हें अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर महाराणा प्रताप चौक स्थित प्रतिमा पर समाजजनों ने माल्यार्पण किया।

इसके बाद राजपूत परिषद भवन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में डॉ. विशाल सिंह बघेल (प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, मध्य प्रदेश), राजेंद्र सिंह राजपूत (प्रदेश मंत्री, भाजपा, भोपाल), शुभम सिंह राजपूत (न्यूज एंकर एवं टीवी पत्रकार, नई दिल्ली), उत्तमपाल सिंह पुरनी (जिला अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी, खंडवा), राधेश्याम बछानिया (जिला अध्यक्ष, राजपूत समाज हरदा), सुनील सिंह राजपूत (जिला अध्यक्ष, करणी सेना परिवार, हरदा) तथा राजेंद्र सिंह राणा (संस्थापक, महाराणा सेना, मध्य प्रदेश) सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

---

दोनों मामलों में कार्रवाई नहीं होने पर गांव में आंदोलन करेंगे

# छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में कांग्रेस ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

टिमरनी में कबड्डी खिलाड़ी छात्रा से कथित छेड़छाड़ के मामले में जिला कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई और विधायक अभिजीत शाह के साथ नेताओं ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा आरोपी को संरक्षण मिलने की आशंका जताते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में छिदगांव मेल में हुई गोहत्या के मामले का भी उल्लेख करते हुए दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की गई।

कांग्रेस ने कहा कि दोनों मामलों में शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर गांव-गांव आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष विनोद पटेल, नगर अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, गंगाराम गुर्जर, जमुनादास राजपूत, गंभीर पटेल, विक्रम चौहान, ओम मिश्रा, दीपक जैन, सत्यनारायण राजपूत, नारायण सांखला, आदित्य पटेल सहित पीड़ित परिवार के सदस्य एवं मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

### बचाव में भी मिले खिलाड़ी

टिमरनी थाने में कबड्डी कोच अंकित जोशी के खिलाफ छेड़छाड़ के मामले में पॉक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज होने के बाद मंगलवार को उनके बचाव में खिलाड़ियों ने एसपी शशांक को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की। खिलाड़ियों ने कहा कोच पिछले करीब 25 वर्षों से जिले में कबड्डी सिखा रहे हैं।उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ियों ने राज्य, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व किया। वे बालिकाओं को भी नियमित अभ्यास कराते हैं, वहीं कोच हमेशा खिलाड़ियों की सुरक्षा, सम्मान और अनुशासन को प्राथमिकता देते रहे हैं। ऐसे में उनके खिलाफ की शिकायत झूठी है। खिलाड़ियों के कहा कोच के प्रशिक्षण से कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं तथा विभिन्न सेवाओं में चयनित हुए हैं।

---

बरसात में ग्रामीणों को परेशानियों से जूझना पड़ेगा

# वनांचल में नदी-नालों के पुल-रपटे लंबे समय से क्षतिग्रस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के वनांचल क्षेत्रों में नदी-नालों पर बने कई पुल और रपटे लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़े हुए हैं। मानसून की दस्तक से पहले इनकी मरम्मत नहीं होने के कारण आने वाले चार महीनों में दर्जनों गांवों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल बारिश के दौरान उनका संपर्क मुख्य मार्गों से कट जाता है, लेकिन इसके बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार वन क्षेत्र में कई पुल और रपटे पिछले करीब तीन वर्षों से टूटे हुए हैं। प्रशासनिक लापरवाही के कारण इनका सुधार कार्य नहीं हो पाया है। अब मानसून शुरू होने वाला है, लेकिन अभी तक मरम्मत का काम शुरू नहीं किया गया है, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि बारिश शुरू होते ही नदी-नालों में पानी बढ़ जाता है। ऐसे में क्षतिग्रस्त रपटों और पुलों के कारण गांवों का संपर्क मुख्य सड़कों और कस्बों से पूरी तरह टूट जाता है। इससे ग्रामीणों का आवागमन बंद हो जाता है और उन्हें कई दिनों तक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।संपर्क टूटने के कारण ग्रामीणों को राशन, दैनिक उपयोग की सामग्री और अन्य जरूरी वस्तुओं के लिए परेशान होना पड़ता है। कई बार लोगों को लंबा वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ता है, जबकि कुछ गांवों में तो पहुंचना ही मुश्किल हो जाता है।

बारिश के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी बीमार और बुजुर्ग लोगों को होती है। ग्रामीणों का कहना है कि जब रास्ते बंद हो जाते हैं तो मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाना बेहद कठिन हो जाता है। कई बार लोगों को मरीजों को चारपाई पर बांधकर नदी-नाले पार कराना पड़ता है ताकि उन्हें इलाज के लिए ले जाया जा सके। ग्रामीणों के मुताबिक वन क्षेत्र में लगभग 12 स्थान ऐसे हैं जहां पुल और रपटे क्षतिग्रस्त हैं। इन जगहों पर हर साल बारिश के दौरान हालात और खराब हो जाते हैं तथा लोगों का आवागमन प्रभावित होता है। ग्रामीण कमल ने बताया कि बापचा और झिरपी के बीच सहित कई स्थानों पर रपटों की हालत बेहद खराब है। कुछ जगहों पर ट्रैक्टर निकालना भी मुश्किल हो जाता है, जबकि कई स्थानों पर बाइक तक नहीं निकल पाती। इससे किसानों और ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### किसानों पर भी पड़ता है असर

क्षतिग्रस्त रास्तों का असर खेती-किसानी के कामों पर भी पड़ता है। बारिश के समय खेतों तक पहुंचना कठिन हो जाता है और कृषि कार्यों के लिए जरूरी संसाधनों की आवाजाही प्रभावित होती है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई नई समस्या नहीं है। हर मानसून में यही हालात बनते हैं, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों ने प्रशासन से जल्द मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की है।

### जिला पंचायत ने दिया आश्वासन

मामले को लेकर जिला पंचायत के एडिशनल सीईओ प्रवीण इवने ने कहा कि वे लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं। जहां भी ऐसी स्थिति सामने आती है, वहां पंचायत के माध्यम से आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि बारिश के मौसम में ग्रामीणों को परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। हालांकि ग्रामीणों का मानना है कि मानसून शुरू होने से पहले यदि मरम्मत कार्य नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में दर्जनों गांवों के लोगों को फिर से आवागमन, स्वास्थ्य और दैनिक जरूरतों से जुड़ी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

---

# बारिश से पहले एक्शन में नपा, जर्जर मकान जमींदोज, हादसों को रोकने चलाया अभियान

## दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए दी चेतावनी, भवन मालिकों से तत्काल मरम्मत कराने की अपील




**सीहोर।** आगामी मानसून सीजन को देखते हुए सीहोर नगर पालिका जनसुरक्षा के लिए पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है। बारिश के दौरान जर्जर मकानों के गिरने से होने वाले हादसों को रोकने के लिए नगर पालिका अमले ने शहर में चिन्हित किए गए खतरनाक जर्जर भवनों को जमींदोज करने का अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में नपा की टीम ने जेसीबी की मदद से जर्जर निर्माणों को ढहा दिया।

बता दें नगर पालिका की इस कार्रवाई के पीछे बीते वर्ष हुआ दर्दनाक हादसा है। नपा के प्रभारी राजस्व अधिकारी संजय शुक्ला ने बताया कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर सिंह के निर्देश पर यह मुहिम चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में नगर के चरखा लाइन क्षेत्र में एक जर्जर मकान ढहने के कारण एक बुजुर्ग महिला की मलबे में दबकर मौत हो गई थी। शहर में दोबारा ऐसी कोई अप्रिय घटना या जनहानि न हो, इसलिए तकनीकी निरीक्षण के बाद अत्यधिक खतरनाक घोषित हो चुके मकानों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

### नोटिस के बाद भी नहीं चेते मालिक, तो चलाया बुलडोजर

राजस्व प्रभारी शुक्ला के अनुसार जिन मकानों की स्थिति बेहद कमजोर और खतरनाक थी, उनके मालिकों को नगर पालिका द्वारा पहले ही नोटिस जारी किए गए थे। उन्हें खुद ही मकान हटाने या आवश्यक मरम्मत कराने की समय-सीमा दी गई थी। लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी जब भवन मालिकों द्वारा सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए, तब नगर पालिका की टीम को यह सख्त कदम उठाना पड़ा।

कार्रवाई के दौरान मौके पर नगर पालिका के सहायक यंत्री विजय कोली, वैभव लोवनिया और अतिक्रमण प्रभारी तिलक वर्मा सहित भारी संख्या में नपा का अमला और पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने मौके पर ही अन्य भवन स्वामियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने की अंतिम चेतावनी भी दी।

### नगर पालिका की नागरिकों से अपील

नगर पालिका प्रशासन ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आसपास या मोहल्ले में कोई भी भवन बेहद जर्जर या खतरनाक अवस्था में दिख रहा है तो उसकी सूचना तुरंत नगर पालिका को दें। इसके साथ ही पुराने मकानों के मालिकों से कहा गया है कि वे बरसात शुरू होने से पहले अपने घरों की अच्छी तरह मरम्मत करा लें, ताकि किसी भी हादसे से बचा जा सके।

---

ग्रामीणों से लाभ लेने का आह्वान किया

# सरकार कई जनहितैषी योजनाएं क्रियान्वित कर रही: ब्राह्मने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

भाजपा खरगोन की जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मने ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीणों की भलाई के लिए कई जनहितैषी योजनायें क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों को इनकी जानकारी दी और उनसे लाभ लेने का आह्वान किया। वे यहां बुधवार को जनकल्याण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनपद पंचायत की अध्यक्ष संगीता नार्वे ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव सभी वर्गों के लोगों की खुशहाली के लिए उन्हें अधिकाधिक लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि के प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। जबकि स्वास्थ्य विभाग ने 4 गर्भवती महिलाओं को पोषण-आहार के 20 बास्केट एवं 2हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड,कृषि विभाग ने 2 किसानों को उन्नत किस्म के बीज और जन शिक्षा केंद्र द्वारा 30 स्कूलों के 60 छात्र-छात्राओं को सायकिलें वितरित की गई। शिविर में विशेष अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष आशीष राठौर और भाजपाजनों में सुबोध दुबे, सचिन सगर आदि उपस्थित थे। जबकि अधिकारियों में एसडीएम भीकनगांव लोकेश छापरे और जनपद पंचायत की सीइओ रीमा अंसारी सहित तहसीलदार खुमानसिंह चौहान, नायब तहसीलदार राजेश बरडे, बीआरसी राघवेन्द्र जोशी, खाद्य निरीक्षक रविंद्र कुमार ठाकुर आदि ने शिरकत की।